बेरोजगारी दूर करने के लिए काम के घंटों में कमी

1522. **श्री रामधारी शास्त्री :** क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बढ़ती हुई बेरोजगारी दूर करने की दृष्टि से सरकार का विचार ऐसे कारखानों में जिनमें 100 से अधिक श्रमिक कार्य करते हैं काम के घंटे प्रतिदिन आठ से घटाकर छः करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो कब से ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रविन्द्र वर्मा) : (क) इस समय सरकार ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

क्षेत्रिय भविष्य निधि आयुक्त, उत्तर प्रदेश के विरुद्ध भ्रष्टाचार के कथित आरोप

1523. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :** क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(2) क्या उत्तर प्रदेश के भविष्य निधि आयुक्त के विरुद्ध भेदभाव, भाई-भतीजावाद तथा पक्षपात के आरोपों से युक्त संसद् सदस्यों का कोई ज्ञापन सरकार को प्राप्त हुआ है ;

(ख) क्या यह आरोप लगाया है कि अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करके लाखों रुपए की सम्पत्ति अर्जित की है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस मामले में अब तक क्या कार्यवाही की है ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : (क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) आरोपों की जांच की जा रही है।

जनसंख्या की वृद्धि दर

1525. **श्री राम जीवन सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में इस समय जनसंख्या में वृद्धि की दर क्या है ; और

(ख) घनी आबादी वाले अन्य देशों की तुलना में भारत में जनसंख्या वृद्धि की गति क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) भारत में वर्तमान जनसंख्या वृद्धि दर लगभग दो प्रतिशत होने का अनुमान है।

(ख) एशिया के कुछ अन्य देशों की जनसंख्या वृद्धि दरें संलग्न विवरण में दी गई हैं।

विवरण

एशिया के कुछ चुनिंदा देशों की जनसंख्या वृद्धि-दरों का विवरण

क्रम सं०	देश	वृद्धि-दर 1970–75 (प्रतिशत)
1.	फिलीपाइन	3.34
2.	थाईलैंड . .	3.27
3.	पाकिस्तान .	3.09
4.	ईरान . .	2.98